## संक्षिप्त

### 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया

चौरू / उनियारा। (निसं)। विवादित जमीन पर न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य करने पर अलीगढ़ पुलिस द्वारा 6व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। थाना अधिकारी गोपाल सिंह राणावत ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट द्वारा 12 नवंबर तथा 17 अगस्त को ग्राम उखलाना के खसरा नंबर 1149, 1266 विवादित भूमि माना तालाब पर जारी स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य करने पर सगीर अहमद पुत्र बशीर अहमद जाति निवासी अलीगढ़, विजेंद्र पुत्र जगदीश जाति कुशवाह निवासी उनियारा, चिरागुद्दीन पुत्र उमरद्दीन निवासी उनियारा,फिरोज पुत्र सलीम निवासी अलीगढ़,रामावतार पुत्र श्रीलाल जाति मीणा निवासी उनियारा, प्रीतम पुत्र जगदीश जाति कुशवाह निवासी उनियारा को गिरफ्तार किया गया।

### रोग परामर्श शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर।** जयपुर यूरोलॉजी एंड लेप्रोस्कोपी हॉस्पिटल और माधव सिंह अस्पताल श्रीमाधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नि:शुल्क पथरी,गुर्दा,मूत्र,कैंसर, पेट, आंत और लीवर रोग परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में यूरोलॉजिस्ट डॉ.राजपाल लांबा, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.सारिका लांबा, पेट,आंत और लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेश गोयल और एमएस हॉस्पिटल के निदेशक डॉ.माधव सिंह ने शिविर में आए रोगियों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया।इस अवसर पर मरीजों को दवाईयां भी निशुल्क दी गई।

### अभियान के तहत 63 हजार वसूले

**निवाई,** (निसं)। विद्युत विभाग के रिकवरी अभियान के दौरान सोमवार को विभिन्न गांव में करीब 63 हजार की बकाया बिलों की वसूली की गई तथा बकाया जमा नहीं करवाने पर 3 उपभोक्ताओं की विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए। जयपुर डिस्कॉम के गुन्सी कनिष्ठ अभियंता धर्म सिंह मीणा व कर्मचारी धनपाल गुर्जर ने बताया कि ग्राम मुंडिया, बाढ़ दामोदरपुरा, बिडोली, सजिया, चनानी, गोपालपुरा, बृजलालपुरा में बकाया राशि वाले 19 उपभोक्ताओं के लगभग 63 हजार के बिजली बिल जमा किए।

### कार्यकर्ता सीकर प्रदर्शन में भाग लेंगे

**श्रीमाधोपुर।** भारतीय जनता पार्टी श्रीमाधोपुर विधानसभा के हजारो कार्यकर्ता 3 दिसंम्बर को सीकर में आयोजित राज्य सरकार विरोधी प्रदर्शन में पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में भाग लेंगे। विधानसभा प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष बनवारीलाल यादव ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष इन्दिरा चौधरी, पूर्व विधायक झाबर सिंह खर्रा ,भाजपा चिकित्सक प्रकोष्ठ संयोजक डा. माधव सिह ने कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओ को जूटने का आव्हान किया।

### शिविर में 44 मरीजो का उपचार किया

**श्रीमाधोपुर।** अलायंस क्लब श्रीमाधोपुर व सेवायतन हास्पिटल चौमु के तत्वाधान मे वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ एसोसिएट प्रोफेसर डा योगेश यादव जे के लॉन हॉस्पिटल जयपुर द्वारा डाक्टर चैम्बर्स महावीर दल मार्ग श्रीमाधोपुर मे आयोजित निशुल्क शिशु रोग चिकित्सा परामर्श शिविर मे 44 मरिजो को परामर्श दिया।

# उगते हुए सूरज व जलते हुए दीपक की रोशनी के समान राष्ट्रनिर्माता है शिक्षक : विनायक

■ राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय का जिलास्तरीय शैक्षिक सम्मेलन शुरू

**मालपुरा,** (निसं)। जयपुर रोड हनुमान गढ़ स्थित कोमल पेराडाईज में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का शुभारम्भ सोमवार को समारोह पूर्वक हुआ।

जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में मुख्य वक्ता रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जयपुर प्रांत विभाग प्रचारक विनायक ने कहा कि उगते हुए सूरज व जलते हुए दीपक की रोशनी के समान राष्ट्रनिर्माता शिक्षक का दर्जा समाज के उच्च पटल पर है। विनायक ने कहा कि शिक्षक वो दीपक है जो स्वयं तपकर युवा राष्ट्रनिर्माण का कार्य करता है तथा समाज की दशा व दिशा का मार्ग तय करता है।



जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में संघ प्रचारक सहित अतिथियों का सम्मान किया।

राष्ट्रीय शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षक वर्तमान आधुनिक युग में युवाओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कोरोना महामारी जैसी विकट परिस्थितियों में भी शिक्षक ने ऑनलाईन शिक्षा देकर बालकों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, पालिकाध्यक्ष सोनिया मनिष सोनी, प्रधान सकराम चौपडा, नरेश बंसल, भामाशाह लाल चन्द तिवाडी, च्यवनगौड ब्राहम्ण समाज अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, मनिष सोनी, महावीर प्रसाद वर्मा, संगठन के प्रदेश प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, विभाग संगठन मंत्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने बतोर अतिथि शिरकत कर मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलीत कर शैक्षिक सम्मेलन का आगाज किया। संगठन के मालपुरा शाखा अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा, ने संगठन की वार्षिक गतिविधियों का प्रतिवेदन रखा तथा अतिथियों को राजस्थानी पगडी पहना डिग्गी कल्याण जी का छाया चित्र सम्मान के रूप में भेंट किया। संचालन प्रधानाध्यापक महेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। इस दौरान सम्पूर्ण जिले के संगठन से जुडे शिक्षकों ने अपने विचार व शिक्षा के क्षेत्र से जुडे अनेक विचार साझा किये।

## 256 व्यक्तियों को पट्टे व 38 जनों को ऋण स्वीकृत

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। पंचायत समिति की ग्राम पंचायत झाड़ली में सोमवार को श्रीमाधोपुर उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में प्रशासन गांवों के संग शिविर का आयोजन किया गया।

उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड के अनुसार शिविर में राजस्व विभाग द्वारा आपसी सहमति से 18 खाता विभाजन , 205 नामांतरण, 193 राजस्व खातों में शुद्धिकरण, चार पैतृक विवाद आपसी सहमति से निपटाए,19 रास्तों के प्रकरण निपटाए, 166 जाति मूल व अन्य प्रमाण पत्र जारी किए 177 सीमाज्ञान पत्थरगडी प्रकरण का निस्तारण , 271 राजस्व रिकॉर्ड नकली जारी की गई।पंचायत विभाग द्वारा 256 पट्टा वितरण ,100 शौचालय स्वीकृत, एक व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित, नरेगा के तहत दो कार्य स्वीकृत ,27 नए जॉब कार्ड बनाए गए। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा 242 व्यक्तियों को लाभान्वित करते हुई 482 लोगों को कोरोना रोधी टीके लगाए, 8 लोगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए वहीं चार व्यक्तियों को चिरंजीवी योजना से लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 8 लोगों को पेंशन स्वीकृत की गई एक ओरत को एकल नारी सम्मान योजना के तहत लाभान्वित किया पांच मामले पालनहार सत्यापन के, 15 लोगों को पालनहार योजना से लाभान्वित किया। श्रम विभाग द्वारा 13 ई श्रमिक कार्ड जारी किए गए। सहकारिता विभाग में 38 व्यक्तियों को 14 लाख 50 हजार का अल्पकालीन ऋण स्वीकृत किया व 60 नए सदस्य बनाए गए। शिविर में उपखंड अधिकारी के साथ पंचायत समिति के विकास अधिकारी हरिसिंह अरविंद सिंह समोर सहायक निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग अजीतगढ़ उप तहसीलदार जयपाल सिंह, श्रीमाधोपुर नायब तहसीलदार सुश्री नेहा वर्मा,ग्राम पंचायत सरपंच मगन कवर के अलावा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में एक दिवसीय क्लस्टर कैम्प आयोजित

■ वोटर हेल्प लाइन एप की जानकारी दी

**कोटपूतली।** कस्बे के लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निर्वाचन विभाग राजस्थान सरकार एवं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के तहत एक दिवसीय क्लस्टर कैम्प आयोजित किया गया।

जिसमें प्राचार्य डॉ. रेणु माथुर ने वोटर हेल्प लाइन एप की जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में अध्ययरनरत विद्यार्थी जिनकी आयु 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण हो जायेगी, उन्हें मोबाईल में वोटर हेल्प लाईन एप प्ले स्टोर से डाउनलोड कर मतदाता सूची में अपना नाम जुडवाने के लिए निर्देशित किया है।



लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय क्लस्टर कैम्प में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

वहीं उन्होंने मतदान के महत्व के बारे में बताया तथा मतदान पंजीकरण में किसी तरह की परेशानी होने पर महाविद्यालय सम्पर्क करने के लिए कहा। वहीं ईएलसी प्रभारी डॉ.भरतलाल मीणा ने सभी छात्र -छात्रों को एप एवं मतदान के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ.आरपी.गुर्जर, डॉ. आर.के. सिंह, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ.पी.सी. जाट, डॉ. प्रभात शर्मा, कपूर चन्द वर्मा ने भी छात्र -छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए निर्देशित किया।

## जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन शुरू

**खैरथल,** (निसं)। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा अलवर का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन सरस्वती पूजन के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खैरथल में शुरू हुआ।

सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सी बी ई ओ किशनगढ़ बास ओमशंकर वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अनिल यादव व राजकुमार सोनी प्रधानाचार्य महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हरसौली एवं अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दयालसिंह यादव द्वारा की गई ।

प्रदेश के अतिरिक्त महामंत्री प्रकाश यादव, प्रदेश उप सभा अध्यक्ष करण सिंह गुर्जर द्वारा शिक्षकों की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक व शिक्षा अधिकारी तथा अभिभावकों के समन्वय से कार्य किया जाए तो शिक्षण कार्य बेहतर हो सकता है साथ ही अनेक समस्याओं का निदान समय पर हो सकता है।

सम्मेलन में शिक्षकों की समस्याओं पर मंथन कर जिन बिंदुओं पर चर्चा की गई उनमें पुरानी पेंशन लागू करना,स्थानांतरण नीति लागू करना, वेतन विसंगति दूर करना, छात्र हित में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरना तथा शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त रखना आदि के पर प्रस्ताव पारित कर ज्ञापन तैयार किया गया ।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जले सिंह यादव, जिला मंत्री अशोक कुमार जिला उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, कुलदीप जोशी ,अर्जुन सिंह हरीश यादव, सुधीर यादव, अश्वनी कुमार तथा श्याम लाल प्रजापत व बिहारी सिंह बारेठ आदि ने अपने विचार रखे।

## जरख ने गाय का शिकार किया, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**पावटा,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत भूरी भडाज की ढाणी जानावाली नाडा निवासी रोहिताश स्वामी ने बताया कि सोमवार सुबह 3 बजे के करीब जंगली जानवर जरख ने घर के बाड़े में बंधी गाय का शिकार कर लिया। वहीं बाडे में बंधे अन्य जानवरों का शोर सुन हम लोगों ने जाकर देखा तो जंगली जानवर ने गाय के पेट को चीर रखा था व शोर शराबा सुनकर भाग गया। वहीं इसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत भूरी भडाज सरपंच कैलास स्वामी को दी उन्होंने सूचना वन विभाग के अधिकारियों डीएफओ सुदीप कौर व रेंजर सीताराम को दी जिस पर नजदीकी वन विभाग के कर्मचारीयों ने मौके पर पहुंच पंचनामा बनाकर पदमार्क के आधार पर जंगली जानवर जरख द्वारा शिकार करने की पुष्टि की। जरख द्वारा किए गए गाय के शिकार से इलाके में जरख के होने की पुष्टि हुई है। वनपाल हरदान गुर्जर ने ग्रामीणों को रात के समय में सतर्क रहने के लिए भी कहा गया है, वहीं ग्राम के लोगों में जंगली जानवर आने की सूचना से भय व्याप्त हो गया है।

## नगर पालिका ने 18 अवैध मैरिज गार्डनों को नोटिस जारी किए

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय नगर पालिका मण्डल ने कस्बे में चल रहे अवैध मैरिज गार्डनों पर सोमवार को कार्यवाही करते हुए 18 मैरिज गार्डनों को नगरपालिका में पंजीकरण करवाने व अन्य बकाया शुल्क जमा करवाने के लिए नोटिस जारी किए है।

ईओ फतेह सिंह मीणा ने बताया कि नगरपालिका द्वारा आगामी दिनों में राजस्व वसूली अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष भी अवैध मैरिज गार्डनों को नोटिस जारी किए गए थे। साथ ही कुर्की की कार्यवाही भी प्रारम्भ कर दी गई थी लेकिन कोरोना महामारी की द्वितीय लहर के कारण राज्य सरकार के निर्देश पर कुर्की की कार्यवाही टाल दी गई। ईओ ने सभी मैरिज गार्डन संचालकों से बकाया शुल्क व नगरीय विकास कर जल्द से जल्द जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।

## निमोनिया प्रबंधन विषय पर आशा सहयोगिनियों व प्रसाविकाओं को प्रशिक्षण दिया

**निवाई,** (निसं)। सेव द चिल्ड्रन संस्था के सहयोग से ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग हॉल में सोमवार को निवाई सीएचसी सेक्टर व सुनारा में पीएचसी सेक्टर की आशा सहयोगिनियों व प्रसविकाओं का निमोनिया प्रबंधन संबंधित गतिविधियों पर अलग-अलग एक द्विवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों को बच्चों में निमोनिया के लक्षण, कारण व बचाव के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसमें छोटे बच्चों में तेज़ श्वास, स्वच्छता के अभाव में संक्रमण का फेफड़ों तक फैलना और बच्चों में निमोनिया बीमारी होने के कारणों पर प्रकाश डाला। निमोनिया के लक्षणों में बच्चों में तेज श्वास का चलना, उल्टी कर देना, कुछ भी नहीं खाना पीना, बेहोशी आदि स्थिति में बच्चों को रैफर करने पर बल दिया गया। निमोनिया के बचाव में सभी बच्चों के पीसीवी का टीका अनिवार्य रूप से लगाने की आशाओं से अपील की गई, ताकि समाज में छोटे बच्चों की निमोनिया से होने वाली मौतों को कम किया जा सके।

## शिक्षा से ही समाज व देश का विकास संभव : गुर्जर

■ दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक समेलन शुरू

**पावटा,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला जयपुर का दो दिवसीय शैक्षिक समेलन का शुभारंभ होटल पार्क ग्रीन पावटा में विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य, पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा की अध्यक्षता में किया गया। वहीं राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला जयपुर द्वारा आगंतुक अतिथियों को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

दो दिवसीय आयोजित जिला स्तरीय शैक्षिक समेलन के प्रथम दिन संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि शिक्षा से ही समाज व देश का विकास संभव है। इसके लिए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की महती आवश्यकता है। देश को विकास की ओर ले जाने व ज्ञान का संचार कर देश को नई दिशा देने का कार्य शिक्षकों को होता है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने तथा निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। वही सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढाने, परीक्षा परिणाम बढाने पर हर्ष जताते हुए सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा ने कहा कि शिक्षक ही समाज देश के विकास की दिशा दशा तय करते हैं। शिक्षक समाज में फैले अंधकार को शिक्षा रूपी रोशनी के माध्यम से दूर करते हैं। वहीं जगदीश मीणा खेलना प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक संघ, कर्मचारी नेता भागीरथ जांगिड, प्रहलाद जाट ने संगठन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि शिक्षक ही बालकों में छुपी प्रतिभा को निखारकर श्रेष्ठ नागरिक के रूप में तैयार करते हैं। शिक्षकों को अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्ण निर्वहन करने का आग्रह किया। वही कार्यक्रम के संयोजक जिला रोहिताश रेगर ने स्वागत भाषण किया। इस मौके पर सरपंच मालाराम गुर्जर, पंचायत समिति सदस्य लालचंद यादव, वेदप्रकाश बाकोलिया, जगन यादव, कुलदीप शर्मा, बाबूलाल मीणा सहित सैकडों कर्मचारी नेता, जनप्रतिनिधि एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

## सांभर कॉलेज की 16 बालिकाओं को स्कूटी मिली

**सांभरझील,** (निसं) राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सांभर में सोमवार को भगवान देवनारायण एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजनान्तर्गत 16 बालिकाओं को स्कूटी दी गयी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य कैप्टन डॉ. ज्ञानप्रकाश दायमा ने सरकार की दोनों योजनाओं की जानकारी दी तथा चयनित सभी छात्राओं व अभिभावकों का अभिनन्दन भी किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रवृत्ति योजना के नोडल अधिकारी भुवनेश कुमार की ओर से ट्रेफिक नियमों का पालन करने एवं वाहन चलाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। स्कूटी योजना की प्रभारी अधिकारी सुनीता की ओर से आने वाले सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा किया गया, सह प्रभारी डॉ. प्रियंका ने सभी बालिकाओं के बेहतर भविष्य की कामना करते हुये उन्हें पढायी में नाम रोशन करने के लिये प्रोत्साहित किया। सभी छात्राओं को स्कूटी पेप प्लस, उसकी आरसी, हैलमेट व स्कूटी की




राजकीय शाकम्भर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भगवान देवनारायण एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजनान्तर्गत 16 बालिकाओं को स्कूटी दी गयी।

चाबी सौंपी गयी तो सभी के चेहरे प्रसन्नता से भर उठे। इस मौके पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. दीपक कुमार, डॉ. एमए कुरेशी, डॉ. दीपचन्द, डॉ. जेपी पारीक, डॉ. श्रीराम बडकोदिया, पूर्व छात्र संध अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी व रामधन कुमावत सहित अन्य स्टाफ की भी मौजूदगी रही।

## सड़क हादसे में जेईएन की मौत

**निवाई,** (निसं)। बरोनी थाना क्षेत्र से गुजर रहे जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे 52 स्थित पुलिया पर डिवाइडर से कार टकरा गई। इससे कार चला रहे सूरजपुरा फिल्टर प्लांट में कार्यरत जेईएन की मौके पर मौत हो गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे लिया। पुलिस को मोबाइल व कुछ दस्तावेज से मृतक की पहचान हुई। उसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने सआदत अस्पताल उसका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बरोनी थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद मीणा ने बताया कि सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ तहसील स्थित खौरू निवासी अनिल (30) पुत्र विद्याधर जाट टोडारायसिंह के पास स्थित सूरजपुरा फिल्टर प्लांट में जेईएन के पद पर कार्यरत था।

सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कार से आ रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे 52 पर सोहेला बाई पास पर कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद मीणा मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और शव को एंबुलेंस से सआदत पहुंचाया।

## सार-समाचार

### आकोदा में प्रशासन गांवों के संग शिविर




**फुलेरा,** (निसं)। सोमवार को कस्बे के निकट स्थित ग्राम पंचायत आकोदा में प्रशासन शहरों के संग शिविर का आयोजन सरपंच पुष्पा मेघवाल की अध्यक्षता में किया गया। अभियान के तहत शिविर के दौरान 19 विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर जनता की समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर सांभर प्रधान सहदेव गुर्जर ने कहा कि आमजन प्रशासन गांवों के संग अभियान में अधिक से अधिक जाकर योजनाओं का फायदा उठाएं। उन्होंने कहा कि शिविर में एक टेंट के नीचे 21 विभागों के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर रहे है। उसका भरपूर लाभ लेना चाहिए। वहीं शिविर के दौरान पट्टे देने के साथ ही आमजन के सरकारी कामों का भी निस्तारण किया गया। इस अवसर पर सांभर उपखंड अधिकारी प्रकाश चन्द, तहसीलदार हरिसिंह राव, जलदाय विभाग के सहायक अभियंता जगाराम वर्मा, विकास अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शिक्षा विनम्र और श्रेष्ठ बनाती है : बैरवा

**निवाई,**(निसं)। निवाई के जमना गार्डन में विधायक प्रशांत बैरवा ने सोमवार को 2 दिवसीय जिला स्तरीय प्रबोधक शैक्षिक महाधिवेशन का मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को विनम्र बनाती है और शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन कर ऊंचे पदों पर पहुंचाते हैं। शिक्षा से ही विद्यार्थियों का सम्पूर्ण विकास होता है। प्रबोधक संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए विधायक से मांग की। विधायक प्रशांत बैरवा ने प्रबोधकों की विभिन्न मांगों के लिए शिक्षा मंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ की ओर से विधायक प्रशांत बैरवा का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान शिक्षाधिकारी रामनिवास शर्मा एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना बंसन का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर अखिल राजस्थान प्रबोधक प्रदेश मंत्री केसरलाल चौधरी, जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष राजाराम जांगिड़, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, शहर अध्यक्ष महावीर प्रसाद पराणा, जिला सचिव प्रदीप पारीक, रमेशचंद्र अग्रवाल सहित जिले से आए प्रबोधक उपस्थित थे।

### पिता की पुण्यतिथि पर स्कूल में कमरा बनाया



**नारायणपुर,** (निसं)। ग्राम पंचायत कोलाहेडा में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह विनय गंगावत, अधिवक्ता समीक कुमार गंगावत के द्वारा अपने पिता स्व.अशोक कुमार गंगावत (अध्यापक) की पुण्यतिथि के अवसर पर एक कमरे का निर्माण कर ग्राम पंचायत कोलाहेडा में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदत्त शर्मा के सुपुर्द किया गया । जिसका उद्‌घाटन सोमवार को तहसीलदार थानागाजी अक्षय प्रेम चेयरवाल व नारायणपुर तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर के सानिध्य में थानागाजी पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत द्वारा फीता काटकर किया गया । इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्ण मुरारी गंगावत ने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत जो मृत्यु भोज में पैसा खर्च न करके हमने उनकी पुण्यतिथि पर कमरा बनाया है। इस मौके पर नारायणपुर सरपंच प्रतिनिधि भवानीशंकर सैनी, कोलाहेडा सरपंच प्रतिनिधि उमराव लाल यादव, शिवचरण शर्मा, नवलकिशोर शर्मा, प्रकाश गंगावत, सुभाष गंगावत, चित्राक्षी, समीक्षा, दिगान गंगावत मौजूद थे ।

### चोरी का माल बरामद किया

**पावटा।** जिला पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि 25 नवंबर को धर्मेंद्र कुमार निवासी रौसी थाना नादौती जिला करौली हाल बैंक मैनेजर दि जयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड शाखा विराटनगर जिला जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 24 नवंबर की रात्रि को बैंक परिसर में लगी बीएसएनएल केबिल व मिश्रों के मोहल्ले विराटनगर से 2जी, 3जी, बीटीएस विराटनगर दो कि फीडर केबिल को कोई अज्ञात चोर काटकर चोरी कर ले गए। जिस पर मामला दर्ज करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली सुमित गुप्ता के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त शाहपुरा सुरेंद्र सिंह कृष्णिया के सुपरविजन में विराटनगर थाना प्रभारी रामअवतार मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन कर माल मुल्जिम की गहनता से तलाश कर पुलिस की तकनीकी प्रणाली की सहायता से मुल्जिम महेश कुमार पुत्र रेवडमल जाति माली निवासी वार्ड नंबर 3 गर्ल्स स्कूल के पास विराटनगर, गंगाराम पुत्र कालूराम जाति माली निवासी वार्ड नंबर 14 कंगालपुरा मोहल्ला विराटनगर को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण का माल मशरुका बरामद किया गया।

### दस वर्ष बाद मिला आवासीय पट्‌टा

**निवाई,**(निसं)। अग्रवाल धर्मशाला के बाहर सोमवार को प्रशासन शहरों के संग अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन व ईओ महिमा डांगी ने आमजन की समस्याओं का समाधान किया। शिविर में दस वर्ष पुराने आवेदन का निस्तारण करते हुए नरेन्द्र जैन को पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र जैन और ईओ महिमा डांगी ने आवासीय पट्टा दिया। दस वर्ष बाद पट्टा मिलने पर जैन ने खुशी जताई। ईओ महिमा डांगी ने बताया वार्ड नंबर 4,5,6 के लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 आवासीय पट्टे एवं 28 जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र वितरित किए गए। दो फाईलों में लीज राशि जमा की गई तथा 14 परिवहन कार्ड बनाए गए। इसी दौरान वार्डो में खराब पड़े तीन हैडपंप ठीक करवाए गए और तीन जगह लीकेज पाईप लाइन ठीक करवाई गई। शिविर में पार्षद शंकरलाल शर्मा, मदनलाल वर्मा, मनोज पाटनी सहित वार्ड के अनेक लोग मौजूद थे।

### 40 लीटर शराब एवं एक कार जप्त

**राजगढ़,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ एवं लंबित मामलों को लेकर चलाए अभियान में अवैध शराब परिवहन कर ले जाते दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 40 लीटर शराब, लोहे की रकाब एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार को जप्त किया है। शातिर आदतन आरोपियों ने राजगढ़ के डिगा वडा से किराने की दुकान,, नांगल बोहरा पिनान से किराने की दुकान का ताला तोड़ चोरी एवं बारा भडकोल मैं कपड़े की दुकान से चोरी करने की वारदातें कबूल की है। थाना प्रभारी विनोद सामरिया ने बताया कि नाकेबंदी में पकडे गए शातिर बदमाश विनोद शर्मा निवासी धोली गुमटी कोलाना थाना बांदीकुई एवं दीपचंद मीणा निवासी किलपुर खेड़ा थाना रैणी को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 40 लीटर शराब की केन, लोहे की रकाब एवं एक स्विफ्ट डिजायर कार को जप्त किया है।

### जिला स्तरीय सम्मेलन शुरू

**चाकसू** (निस) कस्बे के एक निजी गार्डन में राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) का दो दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन का सोमवार को संगठन के अध्यक्ष सियाराम शर्मा की अध्यक्षता में भव्य शुभारंभ हुआ सम्मेलन का उद्घाटन राजस्थान शिक्षक संघ( सियाराम) संगठन के मुख्य संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा एवं मंच पर मौजूद गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलन कर किया गया तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों का संगठन के पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर साफा बंधवा कर एवं शील्ड देकर स्वागत सम्मान किया गया।